Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 113 ◘ रायपुर, रविवार 17 मई 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों के पुजारियों को मिले न्यूनतम वेतन, याचिका पर 'सुप्रीम' सुनवाई कल

नई दिल्ली, 17 मई (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को एक महत्वपूर्ण याचिका पर सुनवाई करने वाला है। यह याचिका सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों के पुजारियों, सेवादारों और कर्मचारियों के वेतन और अन्य सुविधाओं की समीक्षा से जुड़ी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर सकती है। वकील अश्विनी उपाध्याय ने यह याचिका दायर की है। याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों को एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह समिति पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों को मिलने वाले पैसे और अन्य लाभों की जांच करेगी। याचिकाकर्ता चाहते हैं कि पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों को वेतन संहिता, 2019 की धारा 2(के) के तहत कर्मचारी माने जाएं।

नीट पेपर लीक मामलाः कोर्ट ने बॉटनी प्रोफेसर मनीषा को 14 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा

नई दिल्ली, 17 मई (न्यूज चैनल)। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच सीधे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अंदर तक पहुंच गई है. सीबीआई ने एनटीए द्वारा नियुक्त प्रश्नपत्र सेट करने वाले दो प्रोफेसरों सहित अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो देश भर के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इस सिंडिकेट के मास्टरमाईंड बताए जा रहे हैं. इन आरोपियों में से बॉटनी प्रोफेसर मनीषा मंधारे भी शामिल हैं जिन्हें मथुरा से गिरफ्तार किया गया था. अब प्रोफेसर मनीषा को आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया. जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है. पुणे की रहने वाली मनीषा को मथुरा से अरेस्ट किया गया था. मनीषा की नीट में बॉटनी और जूलॉजी के सवालों तक सीधी पहुंच थी।

पेट्रोल-डीजल पर सियासतः पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बोला हमला, संकट के लिए सरकार को बताया जिम्मेदार

रायपुर, 17 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ समेत देश भर में बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम पर सियासत शुरु हो गई है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने सरकार को इस संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि उपदेश कुशल बहुतेरे, प्रधानमंत्री कहते हैं विदेश यात्रा नहीं करना और खुद विदेश यात्रा में निकल जाते हैं। दूसरों के लिए यह कायदे कानून है उनके लिए नहीं। आज इस संकट का कारण भाजपा सरकार है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार क्या कर रही है यह पहले बताया जाए ? इसी के साथ ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में जारी सुशासन तिहार को लेकर भी जमकर हमला बोला है। उनका कहना है कि सुशासन तिहार में सीएम जाते हैं मगर उनसे कोई मिलता नहीं। प्रशासन किसी के नियंत्रण में नहीं है और भाजपा के जनप्रतिनिधियों में भी हताशा है।

त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी के एसी कोच में लगी भीषण आग

रेलवे स्टाफ की सूझबूझ से बची 68 यात्रियों की जान

नई दिल्ली, 17 मई (न्यूज चैनल)। मध्य प्रदेश के रतलाम के पास रविवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते बड़ा हादसा टल गया। करीब 15 मिनट के अंदर बी-1 कोच में मौजूद सभी 68 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यह घटना पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के अंतर्गत लूनी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच सुबह करीब 5:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस की बी-1 थर्ड एसी बोगी में लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में कोच के नीचे के हिस्से से घना धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बी-1 कोच के साथ उससे सटे एसएलआर लगेज ब्रेक वैन को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें दूर तक दिखाई दे रही थीं। स्थिति गंभीर होते देख ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी। इसके बाद तेज रफ्तार ट्रेन को तत्काल रोका गया और यात्रियों को दूसरे कोचों में शिफ्ट किया गया।

घटना के तुरंत बाद आरपीएफ जवान और रेलवे कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। टीम ने बिना घबराहट के यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिकारियों के मुताबिक, समय रहते की गई कार्रवाई से किसी भी यात्री को चोट नहीं पहुंची। दमकल विभाग की टीमों और वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सुरक्षा के लिहाज से ओवरहेड इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई और क्षतिग्रस्त कोचों को ट्रेन से अलग कर दिया गया। इस हादसे के कारण नई दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया, जिनमें मुंबई-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी शामिल रही। बाद में ट्रैक को साफ कर परिचालन बहाल किया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि आग लगने की वास्तविक वजह सामने आ सके। रेलवे प्रशासन ने बताया कि प्रभावित यात्रियों की यात्रा पूरी कराने के लिए कोटा स्टेशन पर अतिरिक्त कोच जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। घटना के बाद कई यात्रियों ने रेलवे स्टाफ और आरपीएफ जवानों की बहादुरी और तत्परता की सराहना की। यात्रियों का कहना है कि अगर कुछ मिनट की भी देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

कांगो और युगांडा में इबोला वायरस का कहर

88 लोगों की हुई मौत 300 से अधिक संदिग्ध

डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल किया घोषित

नई दिल्ली, 17 मई (न्यूज चैनल)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने कांगो और युगांडा में इबोला के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। यह घोषणा रविवार, 17 मई को 300 से अधिक संदिग्ध मामलों और 88 मौतों के बाद की गई। इबोला एक गंभीर और अक्सर घातक बीमारी है। यह वायरस संक्रमित जानवरों से मनुष्यों में फैलता है। इसके लक्षणों में बुखार, उल्टी और आंतरिक रक्तस्राव शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने संक्रमण को रोकने के लिए सख्त उपायों की सिफारिश की है। इसमें स्वच्छता और संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाए रखना शामिल है। कांगो में जिस इलाके में यह वायरस मिला, उसके पास बहने वाली इबोला नदी के नाम पर इसका नाम रखा गया।

डब्ल्यूएचओ ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि यह प्रकोप बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह स्थिति कोविड-19 महामारी जैसी नहीं है। यह प्रकोप महामारी आपातकाल के मानदंडों को पूरा नहीं करता है। डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को बंद न करने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य अनावश्यक यात्रा और व्यापार प्रतिबंधों से बचना है।

हाथी हमले से रायगढ़ में ग्रामीण की मौत

रायगढ़, 17 मई (हाईवे चैनल)। जिले में हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। वह जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गया था, लेकिन रातभर घर वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह उसकी लाश जंगल में मिलने के बाद घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। मामला कापू रेंज का है। धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इंदकालो निवासी मालिकराम बंजारा (55) शुक्रवार को जलाऊ लकड़ी लेने छेनापतरा जंगल गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुट गए।

इसी दौरान शनिवार को अलोला बीट के जंगल में एक ग्रामीण का शव पड़ा मिला। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई गई कि हाथी के हमले में उसकी मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन अमले ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल विभाग आगे की कार्रवाई में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि कापू रेंज के अलोला बीट क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से सरगुजा की ओर से आया एक हाथी विचरण कर रहा था। इसे देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील कर रही थी। इसी दौरान यह घटना घटित हो गई।

भारत ने सिंधु जल संधि पर हेग ट्रिब्यूनल के फैसले को किया खारिज, कहा- मध्यस्थता न्यायालय अवैध रूप से गठित

नई दिल्ली, 17 मई (न्यूज चैनल)। भारत ने सिंधु जल संधि से जुड़े मामले में हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (सीओए) के ताजा फैसले को खारिज कर दिया है। केंद्र सरकार ने कहा कि यह तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय अवैध रूप से गठित है और उसके सभी फैसले अमान्य हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस तथाकथित फैसले को पूरी तरह खारिज करता है, जैसे पहले दिए गए सभी फैसलों को खारिज किया गया था. भारत ने कभी भी इस अदालत के गठन को मान्यता नहीं दी। ऐसे में इस अदालत की किसी भी कार्यवाही, फैसले या आदेश का कोई कानूनी महत्व नहीं है और वह पूरी तरह नल एंड वॉयड यानी शून्य और अमान्य है। भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर हेग स्थित तथाकथित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन

के ताजा फैसले को पूरी तरह खारिज कर दिया है. भारत ने साफ कहा है कि यह अदालत अवैध तरीके से गठित की गई है और इसका कोई कानूनी अस्तित्व नहीं है. इसलिए इसके किसी भी फैसले, आदेश या कार्रवाई को भारत मान्यता नहीं देता।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि अवैध रूप से गठित तथाकथित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने 15 मई 2026 को सिंधु जल संधि के तहत अधिकतम जल भंडारण क्षमता से जुड़े मामले में एक तथाकथित फैसला जारी किया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का फैसला अब भी लागू है. भारत और पाकिस्तान के बीच 19 सितंबर 1960 को सिंधु नदी प्रणाली के जल उपयोग को लेकर यह संधि हुई थी. भारत ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए इस संधि को स्थगित कर दिया था. भारत का कहना था कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और स्थायी रूप से समर्थन देना बंद नहीं करता, तब तक संधि स्थगित रहेगी।

लखनऊ में पुलिस ने वकीलों पर किया लाठीचार्ज, अवैध चैंबरों पर बुलडोजर चलने का कर रहे थे विरोध

नई दिल्ली, 17 मई (न्यूज चैनल)। राजधानी लखनऊ में वकीलों के अवैध चैंबरों पर रविवार को बुलडोजर चला। हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। नगर निगम, पुलिस व जिला प्रशासन की टीमों ने सुबह से ही इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस-प्रशासन से उनकी बहस भी हुई। इस दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं दूसरी तरफ एक वकील ने खुद को चैंबर में बंद कर लिया। उसने कहा कि हमें कोई नोटिस नहीं मिली है। सिर्फ चैंबर तोड़े जा रहे हैं। उसने चैंबर के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की। एक महिला वकील ने कहा कि कुछ कुछ लोगों की मिलीभगत से यह सब गलत हो रहा है। जिस जगह पर हमारे वकील बैठते थे, उस जगह को हटाया जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज राजधानी पहुंचेंगे

रायपुर, 17 मई (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे के तहत आज रात 8.10 बजे रायपुर पहुंच रहे हैं। एयरपोर्ट से वे सीधे नवा रायपुर के होटल जाएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। कल 18 व 19 मई को दो दिवसीय दौरे पर बस्तर जाएंगे। उनके इस दौरे का मुख्य फोकस सुरक्षा समीक्षा, नक्सल विरोधी अभियान और बस्तर में विकास कार्यों का विस्तार है।

हेलीकॉप्टर मे मुख्यमंत्री के साथ महापौर रामू रोहरा भी पहुचे धमतरी

धमतरी, 17 मई (हाईवे चैनल)। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार में शामिल होने धमतरी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ हेलीकॉप्टर में धमतरी निगम महापौर रामू रोहरा भी धमतरी पहुंचे। इस दौरान महापौर ने मुख्यमंत्री को धमतरी की आवश्यकताओं और समस्याओं से अवगत कराया।

मधुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा का निधन, हैदराबाद के अस्पताल में चल रहा था इलाज

कांकेर, 17 मई (हाईवे चैनल)। राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा का निधन हैदराबाद के इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो गया. भरत मटियारा के निधन की खराब लगते ही भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं में शोक की लहर छा गई है। जानकारी के अनुसार, दो बार कांकेर भाजपा जिला अध्यक्ष और दूसरी बार मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बने भरत मटियारा को एक महीने पहले अचानक स्वास्थ्य में समस्या आई थी. रायपुर में उपचार के बाद उन्हें उपचार के लिए हैदराबाद ले जाया गया था, जहां निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

भीषण गर्मी ने पर्यटन स्थलों की घटाई रौनक

जिले के सभी पर्यटन स्थलों में घटी पर्यटकों की संख्या, दोपहर में छाई रहती है वीरानी

जिले के गंगरेल, माडमसिल्ली, सोंदुर, दुधावा, शृंगि ऋषि पर्वत, नरहरा आदि है पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र

धमतरी, 17 मई (हाईवे चैनल)। धमतरी जिले में कई पर्यटन स्थल है जहां साल भर पर्यटकों का जमघट लगा रहता है लेकिन साल भर के दो तीन महीने ऐसे होते है जहां पर्यटकों से गुलजार रहने वाले पर्यटक स्थल भी पर्यटकों की कमी से जूझते रहते है। यह समय होता है भीषण गर्मी का जब लोग घूमना फिरना तो दूर घरो से बाहर निकलने से भी सोचते है।

वर्तमान में ऐसा ही मौसम है भीषण गर्मी पड़ रही है। इसलिए लोग घूमना फिरना नहीं के बराबर कर रहे है। नतीजन पर्यटन स्थलों में भीड़ काफी कम हो गई है। दोपहर में तो कुछ पर्यटन स्थलो में वीरानी छाई रहती है। ज्ञात हो कि जिले में कई आकर्षक प्राकृतिक स्थल है जिनमें गंगरेल

बांध, माडमसिल्ली, सोंदुर, दुधावा, ऋंगिऋषि पर्वत, आश्रम, नरहरा आदि प्रमुख है। यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। लेकिन इन दिनों यहां गर्मी का प्रकोप नजर आ रहा है। गंगरेल में तो शुक्रवार और रविवार को बकरे की बलि की प्रथा के चलते लोगों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन शेष दिनों में भीड़ काफी कम रह जाती है। वहीं माडमसिल्ली बांध वैसे तो अपनी अलग ही सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। यह एशिया का एक मात्र सायफन सिस्टम वाला बांध है। बांध में दिल व नजर को सुकून देने वाले नजारे है, लेकिन गर्मी के मौसम में यहां गिनती के ही पर्यटक पहुंचते है। इसी प्रकार सोंदुर दुधावा बांध में भी आकर्षक नजारे है। रास्ते सुहाने है। मनमोहक दृश्य है। यहां प्रकृति से जुड़ाव के साथ ही मन में शांति का अनुभव होता है, लेकिन जिला मुख्यालय से ज्यादा दूरी, सुविधाओं की कमी और वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण यहां भी पर्यटकों का टोटा है। शृंगिऋषि पहाड़ और नरहरा में भी पर्यटकों काफी कम है।

मानसून में फिर होगा पर्यटकों से गुलजार

भीषण गर्मी के चौमासे के बाद मानसून का सीजन आयेगा। इस मौसम में तापमान अनुकूल होता है लोग सुहावने मौसम में घूमना फिरना काफी पसंद करते है। बारिश के सीजन में चारों ओर हरियाली होगी ठंडी हवायें, नदी बांधो, झरनो में जल स्तर बढ़ेगा इससे इनकी प्राकृतिक सौंदर्यता और बढ़ेगी। यही कारण है बारिश के मौसम के शुरुवात के साथ ही जिले के पर्यटन स्थलो में घटी रौनक फिर से बढ़ने लगेगी।

सीबीआई ने रायपुर-बिलासपुर डीआरएम दफ्तर में दी दबिश, दो को किया गिरफ्तार

रायपुर, 17 मई (हाईवे चैनल)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने खेल कोटे से जुड़ी भर्ती में कथित अनियमितता व गड़बड़ी के मामले में शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रायपुर व बिलासपुर रेल मंडल कार्यालयों में दबिश दी. दस्तावेजों की पड़ताल के बाद दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम शनिवार सुबह डीआरएम कार्यालय पहुंचकर जांच शुरू की. खेल कोटे से की गई नियुक्तियों में नियमों की अनदेखी, दस्तावेजों में हेराफेरी व अयोग्य अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचने की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई. माना जा रहा है कि सीबीआई जल्द ही इस पूरे मामले में कई बड़े खुलासे कर सकती है। बता दें कि सीबीआई की टीम ने शनिवार को एक साथ दोनों शहरों में दबिश दी. बी. राजशेखर राव को दुर्ग के न्यू पुलिस लाइन स्थित उनके निवास से और रामा लक्ष्मी को रायपुर स्थित डीआरएम आफिस से हिरासत में लिया गया. कार्रवाई के दौरान दोनों के ठिकानों पर कई घंटों तक तलाशी के दौरान लाखों रुपये कैश और अहम दस्तावेज बरामद होने की बात कही जा रही है।